






# 1197 मतों से निर्वाचित हुईं नेहा

## देवरी नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए खाली कुर्सी-भरी कुर्सी का हुआ था निर्वाचन

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जनवरी. देवरी नगर पालिका में दो दशक के दौरान दूसरी बार खाली कुर्सी-भरी कुर्सी के चुनाव में मतदाताओं ने एक बार फिर मौजूदा अध्यक्ष पर भरोसा जताया है. नपा अध्यक्ष श्रीमती नेहा अलकेश जैन ने करीब 1197 वोटों के अंतर से जीत दर्ज कर अपनी कुर्सी बरकरार रखी.**



मिली जानकारी के अनुसार देवरी नपा अध्यक्ष पद के लिए हुए खाली कुर्सी भरी कुर्सी का मतदान सोमवार को संपन्न हुआ था जिसमें 19 हजार 248 मतदाताओं में से 13 हजार 367 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था. 15 वार्डों में बनाए गए 30 मतदान केंद्रों में मतदान के दौरान महिला 6095 और पुरुष 7242 मतदाताओं ने मतदान किया था. जिसका कुल प्रतिशत 69.29 रहा था. आज बुधवार की सुबह देवरी स्थित नेहरु कॉलेज में मतगणना शुरु हुई. जिसमें संबंधित अध्यक्ष को वापिस बुलाने के पक्ष में डाले गए मतपत्रों की कुल संख्या 6085 निकली और संबंधित अध्यक्ष को वापिस बुलाने के विरोध में डाले गए मत पत्रों की संख्या 7282 निकली. मतगणना में 1197 मतों से श्रीमती जैन निर्वाचित घोषित की गई.

निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी देवरी मुनव्वर खान ने मतगणना संपन्न होने के बाद निर्वाचित अध्यक्ष को प्रमाण पत्र सौंपा गया.

### दो दशक में दूसरी बार

देवरी के इतिहास में दो दशक के दौरान नपाध्यक्ष को वापिस बुलाने के लिए दूसरी बार खाली कुर्सी भरी कुर्सी के लिए मतदान का सामना करना पड़ा है. 2007 में भी नपाध्यक्ष अनिल जैन अन्नू खाली कुर्सी भरी कुर्सी में मतगणना के बाद निर्वाचित हुए थे तो वहीं वर्तमान अध्यक्ष श्रीमती नेहा जैन को शासन द्वारा पद से मुक्त किए जाने के बाद खाली कुर्सी भरी कुर्सी के लिए मतदान का सामना करना पड़ा है. मगर समस्या यह है कि देवरी नपा में कांग्रेस में एक ही पार्षद है और शेष सभी भाजपा के पार्षद हैं, जिससे पीआईसी के गठन में फिर समस्या आ सकती है .तो वहीं नपाध्यक्ष भाजपा से छह वर्ष के लिए निष्कासित हैं.

## पत्रकार बताकर पुलिस पर बना रहा था दबाव

**सागर.** गोपालगंज थाना पुलिस ने एक युवक को अवैध देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया. जो कि खुद को पत्रकार बताकर पुलिस पर दबाव बनाने और धमकाने का प्रयास कर रहा था. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गश्त के दौरान दर्जियाना मस्जिद शुक्रवारी क्षेत्र के पास एक युवक नीले रंग की बिना नंबर की मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया. पुलिस द्वारा पकड़े जाने के बाद युवक ने स्वयं को पत्रकार बताते हुए पूछताछ में आरोपी ने नाम शेख अयान पिता शेख हमीद, उम्र 19 वर्ष, निवासी दर्जियाना मस्जिद के पास, शुक्रवारी, सागर बताया. आरोपी की स्वयं की एवं वाहन की तलाशी उसकी मौखिक सहमति से ली गई, जिसमें उसकी कमर के दाहिने ओर एक लोहे का देशी कट्टा खोंसा हुआ पाया गया, उसके पास से एक रियलमी 13 प्रो मोबाइल फोन भी बरामद किया गया.

# अभियान चलाकर जल की गुणवत्ता जांच पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जनवरी. जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभा कक्ष में जिपं अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुई.**



साधारण सभा के दौरान जिपं अध्यक्ष श्री राजपूत ने विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया. उन्होंने निर्देश दिए कि नल जल योजनाओ के माध्यम से प्रदाय जल की गुणवत्ता परीक्षण हेतु जिले में अभियान चलाकर जल की गुणवत्ता की जाँच आगामी 01 माह में पूर्ण करायी जावे. प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना में आवास प्लस 2.0 अंतर्गत जो नाम जोडे गये है उनका सत्यापन 31 जनवरी तक किया जावे. अध्यक्ष श्री राजपूत द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत स्कूल, आंगनबाड़ी एवं अन्य शासकीय संस्थाओं में साफ सफाई सुनिश्चित की जावें जिस हेतु 15वाँ वित्त आयोग अंतर्गत स्वच्छता मद की राशि उपयोग किया जावे. उन्होंने कहा कि जिला/जनपद स्तर पर समितियों की बैठक नियमित की जावे. कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि किसानों को खाद की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित की जावें. पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना अंतर्गत चयनित हितग्राहियों की सूची सदन को 03 दिवस उपलब्ध करायें.

## एक नजर में



### संगीतमय भागवत कथा का आयोजन

**सागर.** नगर परिषद सुरखी में 18 पुराणों का महाकुंभ, वार्षिक महा महोत्सव एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया. कथावाचक विपिन बिहारी के श्रीमुख से संगीतमय भागवत कथा में खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत आयोजन में शामिल हुए. कथावाचक श्री बिहारी ने कहा कि सनातन धर्म में पुराणों एवं श्रीमद्भागवत कथा का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है, जो मानव जीवन को सत्य, धर्म और कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं. मंत्री राजपूत ने कहा कि ऐसी धार्मिक कथाएँ हमारी सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करती हैं पुराण और कथाएं ही सनातन धर्म की आत्मा है यह समाज में नैतिक मूल्यों, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का संचार करती हैं.



### ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत चर्चा

**शाहगढ़.** ग्राम विकास पखवाड़ा के उपलक्ष में विश्वास ग्राम समिति अमरमऊ नवांकुर संस्था ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम सेक्टर क्रमांक 01 हीरापुर में व्याख्यान माला आयोजित की गई. मुख्य अतिथि अभय भैया, भाजपा वरिष्ठ नेता एवं प्राचार्य श्री पटेरिया, शिक्षक दिनेश त्रिवेदी, पूर्व प्राचार्य रामसीह, मुकेश त्रिवेदी उपस्थित रहे. परिषद का यह अभियान स्वच्छता एवं सामूहिकता से आत्मनिर्भर नशा मुक्ति एवं स्वदेशी पर संकल्प दिलाया. इस अवसर पर नवांकुर से विश्वनाथ यादव, किशन अहिरवार, परामर्शदाता बाबूलाल अहिरवार, आदित्य तिवारी उपस्थित हुए.



### पांच दिवसीय अर्हम ध्यान योग शिविर

**सागर.** गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे अर्हम ध्यान योग के पांच दिवसीय शिविर में आज युवाओं के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया है. योग के साथ-साथ व्यवहारिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिक गहराई को कैसे प्राप्त करें. इस विशेष आयोजन का संचालन दिल्ली से आयीं ब्रह्मचारिणी साक्षी दीदी के नेतृत्व में हुआ. उन्होंने योग एवं ध्यान की विभिन्न क्रियाएं सम्पन्न कराई. शिविर के माध्यम से बच्चों में नई उर्जा, आत्मविश्वास एवं एकाग्रता का विकास देखने को मिला.



### आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर ज्ञापन सौंपा

**सागर.** अखिल भारतवर्षीय जिला यादव महासभा ने जिला अध्यक्ष शिवशंकर यादव के नेतृत्व में एसपी के नाम एडिशनल एसपी लोकश कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपकर शहर में हुई दो गंभीर आपराधिक घटनाओं और एक मंदिर चोरी के मामले में अब तक कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताई. ज्ञापन में बताया गया कि बीती दिनों बीएमसी में तैनात सुरक्षा गार्ड अमोल यादव पर ड्यूटी के दौरान गोलू रैकवार और तन्नू रैकवार, निवासी मनोरमा कॉलोनी द्वारा प्राणघातक हमला किया गया. आरोप है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है. महासभा ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल कॉल डिटेल निकालकर अन्य अज्ञात साथियों को भी आरोपी बनाने की मांग की है. दूसरी घटना में महासभा ने बताया कि विश्वविद्यालय की घाटी के पास यश यादव निवासी इतवारी टोरी पर चाकू से हमला कर 30 हजार रुपए लूट लिए.

# गणतंत्र दिवस पर मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जनवरी. उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे. श्री शुक्ल इस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का प्रदेशवासियों के नाम संदेश का वाचन भी करेंगे.**



गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के उपलक्ष्य में समस्त शासकीय भवनों एवं राष्ट्रीय एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर विशेष रोशनी की व्यवस्था की जाएगी, इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं. 25 एवं 26 जनवरी 2026 को रात्रि के समय सभी शासकीय भवनों तथा महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों को प्रकाश व्यवस्था से सजाया जाएगा, इस व्यवस्था पर होने वाला समस्त व्यय संबंधित प्रशासकीय विभाग द्वारा अपने-अपने विभागीय बजट से वहन किया जाएगा.

# कौशल विकास रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जनवरी. शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर कन्या उत्कृष्टता महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में चल रहे अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ.**

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उद्योग विभाग की महाप्रबंधक मंदाकिनी पांडेय ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जुड़कर स्वरोजगार स्थापित करना होगा तभी उनके महत्व को जानकर लाभांवित हो सकेंगे.



स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने स्वागत भाषण दिया. विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी समितिकअध्यक्ष श्रीमती मनीषा विनय मिश्रा ने ऐसे प्रशिक्षणो के आयोजन की सराहना की .प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कहा कि छात्राओं को अपनी समस्याओं के बीच अपनी प्रतिभा को पहचानना होगा ताकि जरुरत पड़ने पर अपना भविष्य बना सकें. संचालन डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी ने किया. इस दौरान साधना नायक, वसुधा जैन, कजली जैन, सलमा खान, अर्चना चौरसिया, संकेत दीक्षित ने प्रशिक्षण दिया. कार्यक्रम में डॉ. प्रशांत सोनी एवं डॉ. नंदकिशोर लोधी ने योगदान प्रदान किया.

## ए ग्रेड प्राप्त किया

**सागर.** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में नगर निगम स ने 98.3 वेटेज स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड प्राप्त कर मध्यप्रदेश की 16 नगरीय निकायों में कीर्तिमान स्थापित कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है. उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा प्रतिमाह प्रदेश की 16 नगर निगमों की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण प्रक्रिया का आंकलन किया जाता है. इस आंकलन में ननि ने शिकायतों के निराकरण में 98.3% अंक प्राप्त कर प्रदेश में 'ए' ग्रेड प्राप्त किया है. निगमायुक्त राजकुमार खत्री द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की लगातार की जा रही है.

# वर्णी कॉलोनी की समस्याओं को लेकर ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जनवरी. नया बाजार एवं वर्णी कॉलोनी क्षेत्र की सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर होने से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सड़क पर गड्ढों और अव्यवस्थित यातायात के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें राहगीर एवं वाहन चालक घायल हो रहे हैं.**



इस समस्या को लेकर निवासियों ने विधायक शैलेंद्र जैन को ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण, महिला एवं पुरुष प्रसाधन गृह के निर्माण, क्षेत्र में अपराधी तत्वों के जमावड़े पर रोक लगाने, यातायात व्यवस्था सुधारने तथा लच्छू चौराहे पर पुलिस पॉइंट तैनात करने की मांग की. नागरिकों ने बताया कि रोड की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है, रात के समय असामाजिक तत्वों की गतिविधियों से महिलाओं और बुजुर्गों को असुरक्षा का भय बना रहता है.

विधायक श्री जैन ने आश्वासन दिया कि नया बाजार-वर्णी कॉलोनी रोड का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा. उन्होंने संबंधित इंजीनियर को फोन पर निर्देशित करते हुए अविलंब इसकी कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए तथा पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में महिला एवं पुरुष प्रसाधन गृह का निर्माण भी जल्द प्रारंभ किया जाएगा.

## किसानों को दी गई सलाह

**सागर.** कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से जिले के किसानों को गेहूं की फसल में होने वाले पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोगों के रोकथाम के संबंध में जानकारी दी, वर्तमान समय में गेहूं की फसल में पीलापन एवं पत्तियों पर धब्बे बनने के लक्षण बड़ी संख्या में देखे जा रहे हैं. यह समस्या सागर जिले में व्यापक रूप से सामने आ रही है तथा अन्य जिलों से भी इसी प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं. इस संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र, की ओर से किसानों के मार्गदर्शन हेतु यह जानकारी दी जा रही है कि गेहूं की पत्तियों पर दिखाई देने वाला पीलापन अथवा धब्बे प्राय: द्वितीयक पोषक तत्वों एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों (जिंक, आयरन, मैंगनीज आदि) की कमी के कारण परिलक्षित हो रहे हैं.

# पंजीयन के बाद होंगे चुनाव

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जनवरी. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में लोकतांत्रिक शिक्षक संघ के गठन हेतु शिक्षकों की आमसभा आयोजित की गई.**

बैठक में सदस्यों ने सर्वसम्मति से विवि लोकतांत्रिक शिक्षक संघ की अंतरिम कार्यकारिणी के गठन, शिक्षक संघ की नियमावली एवं पंजीकरण की प्रक्रिया पर चर्चा कर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की. सदस्यों ने शिक्षक संघ की नियमावली पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और बहुमूल्य सुझाव दिये. सुझाव उपरांत संशोधन को स्वीकार किया गया. सर्वसम्मति से पंजीकरण प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए अंतरिम अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष एवं अंतरिम कार्यकारिणी सदस्यों का चयन भी किया गया. हिंदी विभाग के प्रो. राजेन्द्र यादव को अंतरिम अध्यक्ष, प्रो. रत्नेश दास को उपाध्यक्ष, डॉ. संजय शर्मा को सचिव, डॉ. अनूपी समैया, डॉ. नीरज उपाध्याय को संयुक्त सचिव, डॉ. रंजीत रजक को कोषाध्यक्ष, अंतरिम कार्यकारिणी सदस्यों में प्रो. सुशील काशव, डॉ. विवेक साठे, डॉ. दीपाली जाट शामिल हैं.

# दो किलो गांजा बरामद किया

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 21 जनवरी. उड़ीसा से गांजा लाकर बेचने वाले एक शातिर बदमाश को जीआरपी पुलिस ने धर दबोचने में सफलता हांसिल की है.**

दर्ज एफआईआर के अनुसार जीआरपी में तैनात उप निरीक्षक लालबहादुर सिंह अपने साथ हे.कां.मोहन सिंह, हे.कां. हरेन्द्र सिंह व हे.कां. भगवान सिंह के साथ रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी कर रहे थे. वह स्टेशन पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन की जांच कर रहे थे. इसी बीच उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति देवगढ़ ओवरब्रिज के पास काफी देर से संदिग्धावस्था में बैठा है. मुखबिर की सूचना पर वह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गये, जहां उन्होंने उक्त व्यक्ति के पास अवैध गांजा होने की पुष्टि हुई.

उप निरीक्षक ने रेलवे सीओ सलीम खान रेलवे स्टेशन ललितपुर पहुंचे, जहां उन्होंने व्यक्ति से पूछताछ की. पूछताछ के दौरान पकड़े गये युवक ने बताया कि उसका नाम अजय यादव पुत्र जसवंत यादव है और वह महानगर झांसी के थाना बबीना अंतर्गत ग्राम जौनपुर के पोस्ट घिसौली का रहने वाला है. जीआरपी पुलिस ने उसके बैग की जांच की तो उसमें खाकी रंग से लिपटे दो पैकेट, इस्तेमाली कपड़े व एक गमछा भगवा रंग का बरामद किया गया. जीआरपी पुलिस ने पैकेट की जांच की तो उसमें गांजा था, जिसका वजन करने पर पूरा गांजा 2 किलो 187 ग्राम मय टेप के पाया गया. अजय यादव ने बताया कि वह यह गांजा उड़ीसा से लाकर बबीना में बेचता था और वह बबीना जाने के लिए साधन की तलाश में था. जीआरपी पुलिस ने अजय यादव के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 8/20 के तहत एफआईआर दर्ज की है.

# बरा मिडिल स्कूल में बाल शोध मेला आयोजित



नवभारत न्यूज

**बंडा 21 जनवरी. शासकीय माध्यमिक शाला बरा में बाल शोध मेले का आयोजन किया गया. जिसमें कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने सामाजिक विज्ञान और विज्ञान विषयों से जुड़े प्रोजेक्ट पर शोध और सर्वेक्षण कार्य प्रस्तुत किए.**

मेले में बच्चों की रचनात्मकता और शोध कौशल स्पष्ट रूप से दिखाई दिया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बरा संकुल के प्राचार्य चरण सिंह और जनशिक्षक संदीप जैन ने बच्चों की प्रतिभा और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में शोध की भावना और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देते हैं.

इस नवाचारपूर्ण आयोजन का श्रेय शाला के प्राचार्य प्रवीण जैन एवं पूरे शाला परिवार को जाता है, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से बाल शोध मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.

## विदाई समारोह संपन्न

**बंडा.** शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में कक्षा 12 वीं की छात्राओं को 11वीं की छात्राओं ने विदाई समारोह आयोजित किया. इस अवसर पर शासकीय मॉडल स्कूल के प्राचार्य बी.डी गौड, दिवाकर मिश्रा और संकुल प्राचार्य संतोष चौरसिया के द्वारा कक्षा 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं को केरियर मेले का आयोजन भी किया गया. जिसमें अतिथियों ने कक्षा 12वीं के बाद केरियर से संबंधित जानकारियां कक्षा बारहवीं की छात्राओं को दी. इस अवसर पर छात्राओं द्वारा वार्डन कविता कोरी के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए. कार्यक्रम में छात्रावास की छात्राओं ने छात्रावास में रहते हुए अनुभव भी सांझा किए.


## नाम परिवर्तन सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं सुनील कुमार राजपूत पुत्र श्री रामहेत राजपूत मु.तालाबपुरा, अग्रवाल रेजीडेंसी मां शारदा माता मंदिर के पास तहसील व जिला ललितपुर उ.प्र. का निवासी हूँ। मेरी हाईस्कूल अंकसूची में मेरा नाम सुनील कुमार राजपूत (SUNIL KUMAR RAJPUT) दर्ज है एवं आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम सुनील कुमार राजपूत (SUNIL KUMAR RAJPOOT) दर्ज है, जो कि सही है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

सूचनाकर्ता: सुनील कुमार राजपूत (SUNIL KUMAR RAJPOOT)

## नाम परिवर्तन सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं मधुर साहू उर्फ माधव पुत्र श्री बालकृष्ण साहू मु.तलैयापुरा, तहसील व जिला ललितपुर उ.प्र. का निवासी हूँ। मेरे पिता श्री ने 28 जनवरी 2005 को मेरे नाम से एक पॉलिसी क्रमांक 233320021 ली थी जिसमें मेरा नाम माधव अंकित है जो कि मेरा घरेलू नाम है। जबकि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 41414155574 में मेरा नाम मधुर साहू दर्ज है जो कि विद्यालय के अभिलेखों एवं सभी दस्तावेजों में भी दर्ज है। अत: मुझे पॉलिसी की धनराशि का भुगतान मधुर साहू के नाम से किया जाए।

सूचनाकर्ता: मधुर साहू

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ऐजाज अहमद (AIJAZ AHMAD) वल्द अतीक अहमद (ATIQUE AHMAD) निवासी शुक्रवारी वार्ड सागर म.प्र. सहवन भूल से मेरे पक्षकार के पिता का नाम अतीक अहमद (ATIQ AHMAD) और मां का नाम शबाना बेगम (SHABANA BEGUM) पासपोर्ट क्रमांक N 4060185 में दर्ज हो गया है। मेरे पक्षकार के आधार कार्ड, पेनकार्ड एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे पक्षकार का नाम ऐजाज अहमद (AIJAZ AHMAD) वल्द अतीक अहमद (ATIQUE AHMAD) लेख है और अंकसूची में मां का नाम शबाना बी (SHABANA BEE) जो कि सही है। अत: मेरे पक्षकार ऐजाज अहमद (AIJAZ AHMAD) वल्द अतीक अहमद (ATIQUE AHMAD) के पासपोर्ट में पिता का सही नाम और मां का सही नाम शबाना बी (SHABANA BEE) दर्ज किया जाए।

सूचनाकर्ता
रुपसिंह यादव
एडव्होकेट शास्त्री वार्ड सागर


# जनचौपाल में महापौर ने सुनीं समस्याएं

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जनवरी. नगर निगम सागर द्वारा नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संचालित आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल के अंतर्गत 10 वां शिविर अंबेडकर वार्ड में संविधान चौक पर आयोजित किया गया.**




महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान हेतु नगर निगम कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें. इस अवसर पर महापौर श्रीमती तिवारी ने संविधान चौक पर बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. शिविर में वार्डवासियों ने सहभागिता कर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं, जिनके निराकरण की कार्रवाई मौके पर ही की गई.

शिविर में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सुशील तिवारी, संगीता जैन, राजुमार पटेल, कंचन जड़िया, पार्षद सरिता खटीक, संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष रिशांक तिवारी, उपायुक्त एस एस बघेल, कार्यपालन यंत्री संजय तिवारी, बृजेश तिवारी आदि मौजूद थे.

# जंगली जानवर की शिकार बनीं बकरी

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 21 जनवरी. वन रेन्ज गौना के अंतर्गत ग्राम डोंगराकलां में देर रात जंगली जानवर ने घर में बंधी बकरियों पर हमला कर दिया. इस हमले में दो बकरियों की मौके पर ही मौत हो गयी.**

घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव में दहशत फैल गयी. गांव वालों का मानना है कि जिस प्रकार से बकरियों को मारकर उनका मांस खाया है, उससे देखकर यही प्रतीत होता है कि यह हमला किसी तेंदुए या लकड़बग्घा ने किया होगा, हालांकि प्रकरण में वन विभाग की ओर से कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है.

## मैकेनिक की दुकान से इंजन व जनरेटर चोरी

**ललितपुर.** कैलगुवां रोड तुलसीनगर निवासी दयानन्द झां पुत्र राजकुमार ने पुलिस को अवगत कराया कि उसकी दुकान से एक जनरेटर, 3 मोटर, 1 बायब्रेटर, 1 खुला हुआ इंजन चोरी हो गया, वह मैकेनेक है और उसने चोरी हुये सामान की काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला. लोगों से पूछताछ करने पर रवि व कोमल नाम के व्यक्तियों ने बताया कि उक्त सामान मोहल्ले के कल्यानपुरा निवासी किसी व्यक्ति के घर में रखा हुआ है.